नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions — 30

**SS—11–Pol. Sc. ( D & D )**

No. of Printed Pages — 7

# उच्च माध्यमिक ( मूक-बधिर ) परीक्षा, 2014

# राजनीति विज्ञान

## POLITICAL SCIENCE

समय : $4\frac{1}{4}$ घण्टे

पूर्णांक : 80

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

2. **सभी** प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।

3. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें ।

4. जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें ।

5.

| प्रश्न संख्या | अंक प्रत्येक प्रश्न | उत्तर की शब्द सीमा |
|---|---|---|
| 1 – 9 | 1 | 20 शब्द |
| 10 – 17 | 2 | 40 शब्द |
| 18 – 27 | 4 | 100 शब्द |
| 28 – 30 | 5 | 150 शब्द |

6. प्रश्न संख्या 28 से 30 में आन्तरिक विकल्प हैं ।

1. अमेरिका ने 1945 में जापान के किन दो शहरों पर परमाणु बम गिराये ? 1

2. 'हेजेमनी' ( वर्चस्व ) का अर्थ बताइये । 1

3. अमेरिका के 'वर्ल्ड ट्रेड सेन्टर' पर आतंकी हमला कब हुआ ? 1

4. विश्व में सबसे बड़ा तेल उत्पादक देश कौनसा है ? 1

5. समाजवादी दलों एवं कम्युनिस्ट पार्टी में कोई एक अन्तर बताइये । 1

6. भारत में योजना आयोग की स्थापना कब हुई ? 1

7. पंचशील की घोषणा संयुक्त रूप से किन दो देशों ने की ? 1

8. 1977 के आम चुनाव के बाद किस दल ने सरकार बनाई? 1

9. भारत व पाकिस्तान के बीच विवाद का प्रमुख मुद्दा क्या है ? 1

10. शॉक थेरेपी के कोई दो परिणाम बताइये । 2

11. एशिया और अफ्रीका के नवस्वतन्त्र देशों के सामने सुरक्षा की कौन-सी चुनौतियाँ हैं ? कोई दो को समझाइये । 2

12. खनिज उद्योग पर्यावरण को हानि पहुँचाता है । कैसे ? कोई दो कारण बताइये । 2

13. वैश्वीकरण में प्रौद्योगिकी के कोई दो योगदान बताइये । 2

14. आपके मतानुसार वैश्वीकरण के उदय के दो कारण बताइये । 2

15. नीचे दो सूचियाँ दी गई है । पहले में नेताओं के नाम दर्ज हैं और दूसरे में दलों के । दोनों सूचियों में मेल बैठाएँ : $\frac{1}{2} + \frac{1}{2} + \frac{1}{2} + \frac{1}{2} = 2$

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) एस० ए० डांगे | — | (i) | भारतीय जनसंघ |
| (ख) श्यामाप्रसाद मुखर्जी | — | (ii) | स्वतन्त्र पार्टी |
| (ग) मीनू मसानी | — | (iii) | प्रजा सोशलिस्ट पार्टी |
| (घ) अशोक मेहता | — | (iv) | भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी । |

16. मंडल आयोग का गठन किसकी अध्यक्षता में हुआ ? इस आयोग ने पिछड़ी जातियों हेतु क्या सिफारिश की ? $1 + 1 = 2$

17. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिये : $\frac{1}{2} + \frac{1}{2} + \frac{1}{2} + \frac{1}{2} = 2$

| | | |
|---|---|---|
| (क) सर्वानुमति की राजनीति | (i) | शाहबानों मामला |
| (ख) जाति आधारित दल | (ii) | अन्य पिछड़ा वर्ग का उभार |
| (ग) पर्सनल लॉ और लैंगिक न्याय | (iii) | गठबन्धन सरकार |
| (घ) क्षेत्रीय पार्टियों की बढ़ती ताकत | (iv) | आर्थिक नीतियों पर सहमति । |

18. किन बातों के कारण गोर्बाचेव सोवियत संघ में सुधार के लिये बाध्य हुए ? कोई चार कारण बताइये । 4

19. ''यदि बड़े और संसाधन सम्पन्न देश अमेरीकी वर्चस्व का प्रतिकार नहीं कर सकते तो यह मानना अव्यावहारिक है कि अपेक्षाकृत छोटी और कमजोर राज्येत्तर संस्थाएँ अमेरीकी वर्चस्व का कोई प्रतिरोध कर पाएँगी ।'' इस कथन की जाँच करें और अपनी राय बताएँ । 4

20. क्षेत्रीय संगठनों को बनाने के उद्देश्य क्या हैं ? 4

21. आपके मतानुसार क्या भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् का सदस्य बनने की योग्यता रखता है ? अपने उत्तर के पक्ष में चार तर्क दीजिये। 4

22. दूसरी पंचवर्षीय योजना के दौरान औद्योगिक विकास बनाम कृषि विकास का विवाद चला था । इस विवाद में क्या-क्या तर्क दिये गये थे ? 4

23. अगर आपको भारत की विदेश नीति के बारे में फैसला लेने को कहा जाये तो आप इसकी किन दो बातों को बदलना चाहेंगे तथा किन दो बातों को बरकरार रखना चाहेंगे ? अपने उत्तर के समर्थन में तर्क दीजिये । 4

24. 1970 के दशक में इन्दिरा गाँधी की सरकार किन कारणों से लोकप्रिय हुई थी ? स्पष्ट कीजिये । 4

25. हमारी राज व्यवस्था के निम्नलिखित पक्ष पर आपातकाल का क्या असर हुआ ?

(i) नागरिक अधिकारों की दशा और नागरिकों पर इसका असर

(ii) कार्यपालिका व न्यायपालिका में सम्बन्ध

(iii) जनसंचार माध्यमों के कामकाज

(iv) पुलिस व नौकरशाही की कार्यवाही । 1 + 1 + 1 + 1 = 4

26. 1980 के बाद भारतीय राजनीत में अलगाववादी आन्दोलन से क्या सबक सीखे जा सकते हैं ? कोई चार सबक बताइये । 4

27. प्रसिद्ध 'चिपको आन्दोलन' की विवेचना कीजिये । 4

28. क्यूबा मिसाइल संकट को स्पष्ट कीजिये । 5

**अथवा**

शीत युद्ध का अर्थ बताते हुए इस दौरान गठित सैन्य गठबन्धनों को स्पष्ट कीजिये ।

29. पाकिस्तान के लोकतन्त्रीकरण में कौन-सी कठिनाइयाँ हैं ? वर्णन कीजिये । 5

**अथवा**

नेपाल के लोग अपने देश में लोकतन्त्र को बहाल करने में कैसे सफल हुए ? वर्णन कीजिये ।

30. रजवाड़ों के विलय के अन्तर्गत 'हैदराबाद' के विलय को स्पष्ट कीजिये । 5

**अथवा**

''स्वतन्त्रता के पश्चात् भारत के सम्मुख कई चुनौतियाँ थीं ।'' इस कथन की व्याख्या कीजिये ।